# आईआईटी में बच्चों ने जाने अंतरिक्ष के रहस्य




आईआईटी इंदौर में आयोजित 'बापू खगोल मेला' में स्कूलों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

सूर्य, चंद्रमा और सितारे सहित ब्रह्मांड की सभी चीजें कुछ कानूनों का पालन करती है। इन कानूनों के प्रभाव के बिना दुनिया नहीं चलती है। महात्मा गांधी के इन वाक्यों को ध्यान में रखकर आईआईटी इंदौर ने सोमवार को 'बापू खगोल मेला' आयोजित किया। इसमें कई स्कूलों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

इसके तहत प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को अंतरिक्ष के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही खगोल विज्ञान के प्रति महात्मा गांधी की गहरी रुचि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में नेहरू प्लेनेटेरियम नई दिल्ली की डायरेक्टर नंदिवदा रथनासिरी शामिल हुई। 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज में हिस्सा लिया। नेशनल आविष्कार योजना के स्टूडेंट्स ने भी अंतरिक्ष के रहस्य जाने। कार्यक्रम का मकसद बच्चों को हेस्टोनॉमी का महत्व बताना था। क्विज प्रतियोगिता में अंतरिक्ष से संबंधित सवालों के जवाब स्टूडेंट्स ने दिए। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर ने कहा सितारे, चंद्रमा और आकाश हमेशा मनुष्यों को मोहित करते रहे हैं। इसके बारे में सभी को जानकारी होना चाहिए। आईआईटी को हाल ही में मिली विश्व रैंकिंग का जश्न भी कार्यक्रम के बीच मनाया गया।

**आईआईटी इंदौर में 'बापू खगोल मेला' आयोजित**

**Nai Dunia (Indore), 4th December 2018, Nai Dunia Live, P-15**